राजस्थान सरकार
प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग

क्रमांकः प.7 (5)प्राशि / आयो / 2017 जयपुर, दिनांकः 14/9/2017

निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक

प्रभारी अधिकारी,
शालादर्पण पोर्टल, जयपुर

जन सम्पर्क अधिकारी,
शिक्षा विभाग,
जयपुर।

विषयः– B.Ed/D.El.Ed. प्रशिक्षाणार्थियों को इंटर्नशिप के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत B.Ed/D.El.Ed. प्रशिक्षाणार्थियों को इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु विद्यालयों का आवंटन किये जाने हेतु online internship module का प्रारंम्भ शालादर्पण प्रकोष्ठ द्वारा किया जा चुका है जिसके संबंध में समय–समय पर विडियों कान्फ्रेंन्स एवं विभागीय आदेशों के माध्यम से समस्त राजकीय एवं निजी **शिक्षक** प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा को अवगत कराया जा चुका है।

प्रशिक्षाणार्थियों को इंटर्नशिप के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति संलग्न कर लेख **है** कि कृपया विज्ञप्ति का अधिक से अधिक प्रचार – प्रसार के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करवाना सुनिश्चित करावें।

संलग्न :– प्रेस विज्ञप्ति।

14/9
(सुनील कुमार शर्मा)
संयुक्त शासन **सचिव**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. राज्य परियोजना अधिकारी, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक ।
5. समस्त पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी।
6. रक्षित पत्रावली।

(एस. एन. यादव)
अनुसंधान अधिकारी

www.rajteachers.com

प्रेस विज्ञप्ति

B.Ed/D.El.Ed. के प्रशिक्षाणार्थियों को इंटरर्नशिप कार्यक्रम हेतु राजकीय विद्यालयों का आवंटन किये जाने हेतु online internship module का प्रारम्भ शालादर्पण प्रकोष्ठ द्वारा किया जा चुका है जिसके सम्बन्ध मे समय समय पर विडियो कान्फ्रेन्स एवं विभागीय आदेशों के माध्यम से समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों, विद्यालयों (राजकीय एंव निजी) के प्रार्चायों एंव जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा को अवगत कराया जा चुका है :–

1 इंटरर्नशिप कार्यक्रम हेतु राजकीय विद्यालयों का आवंटन online internship module के माध्यम से संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा द्वारा शालादर्पण पोर्टल से किया जायेगा।

2. समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों (राजकीय एंव निजी) के प्रार्चायों द्वारा उनके महाविद्यालय लोगिन के माध्यम से उनके विद्यालय में अध्ययनरत समस्त प्रशिक्षाणार्थियों कि प्रविष्टी की जायेगी। उसके पश्चात महाविद्यालयों द्वारा प्रशिक्षाणार्थियों से इंटरर्नशिप हेतु उनकी प्राथमिकता लिखित में लिया जाकर उनकी जिला एवं ब्लॉक की प्राथमिकता लॉगिन पर दर्ज करेंगें।

3. प्रशिक्षाणार्थियों की महाविद्यालय द्वारा लॉगिन की गयी जिला एवं ब्लॉक की प्राथमिकता को संबंधित प्रशिक्षाणार्थी विद्यालय की लोगिन आई.डी. पर ऑनलाईन देख सकते है। यदि प्रशिक्षाणार्थी द्वारा विद्यालय आवंटन हेतु **जिला/ब्लॉक की प्राथमिकता परिवर्तन करनी हो या महाविद्यालय ने किसी प्रशिक्षाणार्थी के जिला ब्लॉक का गलत चयन कर दिया तो संबंधित प्रशिक्षणार्थी शालादर्पण पोर्टल पर स्वयं दिनांक 18.09.2017 तक online internship module** पर परिवर्तन कर **सकता है। दिनांक 18.09.2017 के** पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया **जा सकेगा।**

4. जिला/ब्लॉक का संशोधन एक बार महाविद्यालय/विद्यालय द्वारा पोर्टल पर दर्ज करवाने के पश्चात प्रशिक्षणार्थी द्वारा ही दिनांक 18.09.2017 तक ही किया जा सकेगा, महाविद्यालय/विद्यालय द्वारा संशोधन नही किया जा सकेगा।

5. दिव्यांग श्रेणी के प्रशिक्षाणार्थियों को असुविधाजनक विद्यालय आवंटन होने की स्थिती में वह अपनी परिवेदना संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा को दिनांक 29.09.2017 तक दे सकेगा।

www.rajteachers.com

6. प्राप्त परिवेदनाओं को ध्यान में रखते हुऐ प्रथम चरण हेतु internship कार्यक्रम की निर्धारित समय सीमा में निम्नानुसार संशोधन किया गया है :–

क्रं संख्या	इन्टर्नशिप प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	महाविद्यालयों द्वारा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों का रजिस्ट्रेशन	18.09.2017
2	प्रशिक्षणार्थियों द्वारा internship request	18.09.2017
3	प्रशिक्षणार्थियों द्वारा internship request में संशोधन	18.09.2017
4	संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा प्रथम चरण हेतु प्रथम विद्यालय आवंटन	19 एवं 20.09.2017
5	संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा प्रथम चरण हेतु द्वितीय विद्यालय आवंटन	21 व 22.09.2017
6	प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आंवटित विद्यालय में रिपोर्टिंग	आवंटन के सात दिवस के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से

नोट :– यदि किसी महाविद्यलय या संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को इंटरर्नशिप के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना या तकनीकि सहायता के लिए Email ID :- internsraj@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

www.rajteachers.com